# तीन अशासकीय संकल्प पारित, एक वापस

- सागर जिले की देवरी बन सकती है देवपुरी
- सेमरिया बन सकता है नया जनपद



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 दिसंबर. विधान सभा में शुक्रवार को चार अशासकीय संकल्प पेश किया गया, जिसमें से तीन को पारित कर दिया गया, वहीं एक अशासकीय संकल्प को वापस ले लिया गया.**

भाजपा सदस्य इंजी. प्रदीप लारिया ने सागर जिले के नरयावली विधानसभा क्षेत्र के तहत नरयावली एवं जरूआखेड़ा स्टेशन पर राज्य रानी सुपर फास्ट ट्रेन क्रमांक 22152 का स्टॉपेज किए जाने संबंधी अशासकीय संकल्प पेश किया. इस पर जवाब देते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि इसे सिद्धात: स्वीकृत किया जा रहा है और इस संबध में प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा, उसके बाद सदन ने भी अशासकीय संकल्प को पारित कर दिया. इसी तरह सदस्य नारायण सिंह पट्टा ने मण्डला रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर वीरांगना दुर्गावती स्टेशन मंडला करने के साथ ही जबलपुर-भोपाल ओव्हर नाईट एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस और जबलपुर से निजामुद्दीन की ओर चलने वाली गोंडवाना सुपर फास्ट एक्सप्रेस को मण्डला स्टेशन से चलाने संबंधी मांग को लेकर अशासकीय संकल्प पेश किया. इस पर लोक निर्माण मंत्री ने इस प्रस्ताव पर सरकार की ओर से सहमति जताते हुए इसे केंद्र सरकार को भेजने की बात कही.

तीसरा अशासकीय संकल्प वरिष्ठ सदस्य बृहबिहारी पटैरिया ने पेश किया. उन्होंने सागर जिले के देवरी का नाम परिवर्तित कर देवपुरी करने का अनुरोध किया. संकल्प के समर्थन में उन्होंने कहा कि देवपुरी करने के पीछे धार्मिक महत्व भी हैं, ये धार्मिक नगरी है. इस पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि इस संबंध में पहले ही भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है. नाम बदलने के लिये तय प्रक्रिया के हिसाब से नगर परिषद प्रस्ताव पारित करती है. फिर कलेक्टर इस संबंध में प्रतिवेदन राज्य सरकार को भेजते हैं.

### नवीन जनपद पंचायत खोलने संबंधी संकल्प पेश

चौथा अशासकीय संकल्प कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य अभय मिश्रा ने पेश किया. उन्होंने रीवा जिले के विधानसभा क्षेत्र सेमरिया के मुख्यालय में नवीन जनपद पंचायत खोलने संबंधी संकल्प पेश किया. मिश्रा ने कहा कि पहले सेमरिया सिरमौर विधानसभा का हिस्सा होता था, लेकिन वर्ष 2008 में अलग विधानसभा क्षेत्र बना, लेकिन यहां जनपद पंचायत नहीं है,इस कारण लोगो को काम के लिये 30 किमी दूर जाना पड़ता है.

# मुख्यमंत्री लॉन्च करेंगे महाकाल भक्त निवास की वेबसाइट

- दान की राशि से होगा निर्माण
- 200 करोड़ की लागत से तैयार होगी धर्मशाला
- 32 एकड़ जमीन पर आकार ले रहा है प्रोजेक्ट



नव भारत न्यूज

**उज्जैन. महाकाल मंदिर में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा 4 हजार कमरों वाले महाकाल भक्त निवास का निर्माण किया जा रहा है. इसके लिए पूरा निर्माण दानदाताओं की राशि से किया जाएगा. ऐसे में एक वेबसाइट का निर्माण किया गया है जिसकी लांचिंग मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा की जाएगी.**

यह धर्मशाला मध्यम वर्गीय और साधारण श्रेणी के श्रद्धालुओं को सस्ती दरों पर रहने की सुविधा उपलब्ध कराएगी. इस परियोजना के लिए विशेष वेबसाइट बनाई गई है, जिसे संभवत: 14 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन आगमन पर लॉन्च किया जाएगा. वेबसाइट का होगा प्रचार प्रसार-नवभारत से चर्चा में महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि वेबसाइट के लॉन्च होने के बाद देश-विदेश के श्रद्धालु और दानदाता ऑनलाइन दान कर सकेंगे और दान की राशि से ही कमरों का निर्माण आगे बढ़ाया जाएगा. लॉन्चिंग के बाद उक्त वेबसाइट का प्रचार प्रचार सोशल मीडिया के माध्यम से भी किया जाएगा इससे श्रद्धालु प्रेरित होंगे और अधिक से अधिक दान करेंगे. 2000 की जगह अब 4000 कमरे-पूर्व प्रस्ताव में इस परियोजना में 2000 कमरे बनाने की योजना थी, जिसकी अनुमानित लागत करीब 26 करोड़ रुपये थी, उज्जैन में बढ़ती भीड़ को देखते हुए अब 4000 कमरे बनाए जाएंगे.

कुल लागत 200 करोड़-महाकाल भक्त निवास में 4000 कमरों के निर्माण की लागत बढ़कर लगभग 55 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है. इसके साथ ही अन्य विकास कार्यों को मिलाकर इस पूरे प्रकल्प पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है.

### 25 करोड़ से किया जाएगा समतलीकरण

नवभारत से चर्चा में विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि उक्त कार्य का टेंडर जारी होकर स्वीकृत हो चुका है और निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है. दिसम्बर 2025 तक नींव और बेसमेंट संबंधी महत्वपूर्ण कार्य पूरा होने की संभावना जताई जा रही है. भक्त निवास के निर्माण से शहर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए किफायती ठहरने की सुविधा उपलब्ध होगी और पर्यटन के साथ शहर की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा. पूरा समतलीकरण और जरूरी निर्माण कार्य 25 करोड़ की लागत से किया जा रहा.

### महाकाल भक्त निवास पर एक नजर

यह भक्त निवास हरी फाटक ब्रिज के पास इंदौर-उज्जैन रोड सिक्स लेन पर 32 एकड़ जमीन पर बनाया जा रहा है. यहां जी प्लस 4 संरचना में 15 ब्लॉक बनाए जाएंगे, जिनमें एसी और सामान्य कमरे होंगे. प्रकल्प में एडमिन ऑफिस, वेटिंग एरिया, कैफेटेरिया, अन्न क्षेत्र (भोजन), पार्किंग, ई-बस चार्जिंग स्टेशन सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी.


## एक नजर में

### सरकार की उपलब्धियों का पोस्टर लेकर पहुंचे विधायक

**भोपाल.** सदन में शुक्रवार को सत्र के अंतिम दिन भाजपा विधायक राज्य सरकार की उपलब्धियों का पोस्टर लेकर पहुंचे. इन पोस्टर में अलग-अलग नारे लिखे हुए थे. जैसे-मोदी मोहन का साथ, डबल इंजन से तेज विकास. निवेश बढ़ा, विकास बढ़ा, विकास भी-विरासत भी, इंडस्ट्री का हब, मप्र अब, विकास और विरासत के दो साल. यहां बता दें कि 13 दिसंबर को सरकार के कार्यकाल

### सीएस ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

**शिवपुरी.** मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शिवपुरी जिले के पोहरी अनुमंडल के ग्राम अहेड़ा में ग्रामीणों की चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए. उन्होंने मुख्य सड़क से गांव तक पक्की सड़क का निर्माण शीघ्र कराने तथा गांव में जल्द बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए. इसके साथ ही दो रोजगार सहायकों के विरुद्ध कार्रवाई के भी आदेश दिए गए. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को ग्राम अहेड़ा पहुंचे थे, जहां से वे कूनो नेशनल पार्क के लिए रवाना हुए. इसी दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन भी उनके साथ थे. शाम को मुख्यमंत्री के लौटने के बाद मुख्य सचिव ने गांव में चौपाल आयोजित की. जिसमें ग्रामीणों ने समस्याएं बताई.



# प्रदेश के 9 शहरों में पारा 10 डिग्री से भी नीचे

**नए वेदर सिस्टम से और बढ़ेगी ठंड**

**हवा की दिशा उत्तरी होने से बढ़ सकती है ठिठुरन**

**भोपाल, 5 दिसंबर. प्रदेश के मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है. शुक्रवार को एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से दिन और रात के तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट होगी.**

खास करके इंदौर और उज्जैन संभागों को छोड़कर शेष सभी संभागों के पारे में गिरावट होगी और शीतलहर की स्थिति बनेगी. ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश के साथ बर्फबारी होने से हवा का रूख उत्तरी होगा. इसके असर से 7-8 दिसंबर को उज्जैन, ग्वालियर, चंबल भोपाल, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम ,और सागर संभाग में ठंड का असर बढ़ने लगेगा.

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार हिमालयी क्षेत्र में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है, जबकि इसके पीछे एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस आ रहा है. इस वजह से पहाड़ों में बर्फबारी-बारिश होगी और फिर ठंडी हवाएं एमपी में आएगी.

मौसम विभाग ने बताया कि पहाड़ी राज्य में 5 और 7 दिसंबर को वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते बर्फबारी और बारिश होने की संभावना जताई है। इसके बाद हवा की दिशा उत्तरी होगी, जिससे 7-8 दिसंबर को एमपी के उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और सागर में ठंड का असर बढ़ जाएगा।

# इंदौर आ रही बस पलटी, एक मृत




**गुना, 5 दिसंबर. यूपी के लखनऊ से इंदौर जा रही यात्री बस गुना जिले के बीनागंज स्थित हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई.**

हादसे में उन्नाव निवासी एक युवक की मौत हो गई, जबकि 19 यात्री घायल हुए हैं. जानकारी के मुताबिक राधिका ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 13 जेड वाय 5347 गुरुवार रात करीब 50 यात्रियों को लेकर लखनऊ से रवाना हुई थी. शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे गुना जिले से गुजरे नेशनल हाइवे क्रमांक 46 पर बीनागंज के समीप ड्राइवर को नींद का झपकी आ गई और सड़क किनारे लगे एक माइल स्टोन से टकराकर बस पलट गई और करीब 100 मीटर तक घिसटती हुई चली गई. सूचना मिलने पर गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, एसपी अंकित सोनी सहित कई आला अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे.

बस में सवार उन्नाव (यूपी) निवासी 28 वर्षीय रोहित प्रजापति का सिर बुरी तरह दबने की वजह से उसकी मौत हो गई. जबकि एक बच्चे सहित 19 लोगों को इलाज के लिए तुरंत गुना जिला अस्पताल भेजा गया.

# चाकू की नोक पर 12वीं की छात्रा का बनाया अश्लील वीडियो

- 5 लाख की फिरौती मांगी, 2.5 लाख लेने के बाद भी वायरल किया वीडियो
- शामगढ़ में तनाव, दोनों आरोपी गिरफ्तार



**मंदसौर. शामगढ़ थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा को चाकू दिखाकर अश्लील वीडियो बनाने और फिरौती वसूलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार आरोपी रेहान पिता शाकीरा अब्बासी, बाबू पिता रिहान शाह ने 16 वर्षीय 12वीं की छात्रा को धमकाकर उसका वीडियो बनाया और बाद में इसे वायरल करने की धमकी देते हुए परिवार से 5 लाख रुपये की मांग की.**

परिवार ने सामाजिक बदनामी के डर से करीब 2.5 लाख रुपये की राशि आरोपियों को दे दी, इसके बावजूद आरोपियों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. घटना सामने आते ही इलाके में भारी आक्रोश फैल गया. स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों ने थाने पहुंचकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया और बाद में न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया. पुलिस प्रशासन ने आरोपियों के घरों के अवैध हिस्सों को हटाने और पानी कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी शुरू की है.

### तनाव की स्थिति बनी

घटना के बाद शामगढ़ क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई. पुलिस बल बढ़ा दिया गया है और प्रशासन स्थिति पर कड़ी निगरानी रखे हुए है. पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट, फिरौती, धमकी, आईटी एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है. वहीं पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा एवं काउंसलिंग की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है. स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से कड़े कदम उठाने व भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम हेतु सख्त निगरानी की मांग की है.


# आरजीपीवी में धारा 54 लगा सकती है सरकार

## सदन में उठा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि में धांधली का मामला

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 दिसंबर. राज्य सरकार राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में धारा-54 लगा सकती है.**

आरजीपीव्ही में वित्तीय अनियमिता का मामला शुक्रवार को ध्यानाकर्षण के दौरान उठा. इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि सरकार आररजीपीव्ही में धारा 54 के उपयोग के बारे में परीक्षण करा रही है, इस संबंध में उचित कार्रवाई करेंगे. भाजपा सदस्य भगवान दास सबनानी ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से ये मामला उठाते हुए कहा कि



विवि में आर्थिक अनियमितता की गई. नेक ग्रेडिंग के लिये छल-बल का उपयोग किया. इस मामले में क्या कार्रवाई होगी. इस पर मंत्री परमार ने कहा कि आपराधिक षड्यंत्र को लेकर एफआईआर की गई है.

मामला न्यायालय में है. इसके अलावा अलग से एक एजेंसी द्वारा फोरेन्सिक ऑडिट की कार्यवाही भी की जा रही है. उन्होंने कहा कि नैक ग्रेड को लेकर मिली शिकायतों के आधार पर अपलोड किये गये डेटा का भौतिक डेटा से मिलान के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी. टीईक्यूआईपी-3 के संबंध में मिली शिकायत की जांच भी चल रही है, जिसका प्रतिवेदन अभी नहीं मिला है.

मंत्री ने बताा कि 19.48 करोड़ रुपये निजी खातें अंतरित किये जाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश विभाग ने दिये थे, उसके बाद 3 मार्च 2024 को गांधी नगर थाने में प्रो. आरएस राजपूत तत्कालीन कुलसचिव, ऋषिकेश वर्मा सेवानिवृत्त वित्त नियंत्रक, प्रो. सुनील कुमार तत्कालीन कुलपति, कुमार मयंक लाभार्थी और दलित संघ सुहागपुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी.

## पेज एक का शेष

### भारत को विकसित बनाएगा एमपी : डॉ. यादव

डॉ यादव ने कहा कि इसके साथ ही एक महत्वपूर्ण विधेयक मध्यप्रदेश नगर पालिका संशोधन विधायक 2025 प्रस्तुत हुआ, जिसमें नगर पालिकाओं और नगर पंचायत में अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से करने का प्रावधान किया गया है। निश्चित रूप से इससे वर्तमान में निकायों में कार्य करने में आ रही समस्याओं में काफी कमी आएगी और ये निकाय स्वतंत्र रूप से और भी तेज गति से कार्य कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों को धन्यवाद दिया, जिनके कारण यह सत्र गरिमामय ढंग से संचालित हुआ। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा का स्वर्णिम इतिहास रहा है। इस सत्र से इसमें एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं के प्रति सदन में हम उपस्थित हैं.

हम केवल निवेश की बात नहीं कर रहे. मध्यप्रदेश के भाग्य और भविष्य की नींव रख रहे हैं। डॉ. यादव ने 'चरैवेति चरैवेति' के मंत्र के अनुसार राज्य सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य करने के संकल्प को व्यक्त किया।

# नर बाघ पी-243 के सिर पर गहरा जख्म

**पन्ना, 5 दिसंबर.** टाइगर रिजर्व में बाघों की बढ़ती संख्या के साथ उनके बीच इलाके पर आधिपत्य को लेकर आपसी संघर्ष भी बढ़ते जा रहे हैं. इन्हीं संघर्षों के दौरान कई बार बाघ गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं.

इसी क्रम में रिजर्व का 11 वर्षीय प्रसिद्ध नर बाघ पी-243 आपसी संघर्ष में फिर बुरी तरह जख्मी हो गया है. उसके सिर पर गहरा घाव बना हुआ है, जिसका वन्यजीव विशेषज्ञों की निगरानी में उपचार किया जा रहा है. पी-243 वही नर बाघ है जिसने वर्ष 2021 में अपनी मां पी-213(32) की मृत्यु के बाद चार अनाथ शावकों की सफल परवरिश कर सबको चौंका दिया था. यह बाघ इससे पहले भी अप्रैल 2025 में टेरिटोरियल फाइट में गंभीर रूप से घायल हुआ था.

**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573400, ईमेल: agmstgmp.fci@gov.in

भाखानि, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश के मैहर एवं मंडला राजस्व जिले में पी.डब्लू.एस. के अंतर्गत गारंटी पर सरकारी/ प्राइवेट स्वामित्व वाले गोदामों में केवल लीज़ विद सर्विसेस आधार पर खाद्यान भण्डारण हेतु दो साल (एक साल के लिए विस्तार योग्य) की अवधि के लिए निविदा आमंत्रित की गयी है।

ऑनलाइन निविदा केवल Gem पोर्टल के माध्यम से स्वीकार की जावेगी, जसे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि मैहर के लिए दिनांक 08.12.2025; 11:00 AM है एवं मंडला के लिए 09.12.2025;03:00 PM या फिर Gem पोर्टल अनुसार है। संबन्धित Gem बीड क्र. GEM/2025/B/6940587 एवं GEM/2025/B/6916686 है।

विस्तृत निविदा सूचना **www.fci.gov.in** एवं **https://gem.gov.in/** पर देखी जा सकती है।

**महाप्रबंधक (क्षेत्र)**


बदलाव | जनसंपर्क विभाग के आयुक्त दीपक सक्सेना ने जारी किया आदेश

# विभागीय अधिकारियों के बीच नए सिरे से कार्य का विभाजन

**भोपाल, 05 दिसंबर. राज्य सरकार और मीडिया के मध्य सेतु का कार्य निभाने वाले जनसंपर्क विभाग के आयुक्त दीपक सक्सेना ने विभाग की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों के बीच नए सिरे से कार्य विभाजन किया है.**

प्रभारी अपर संचालक जी एस वाधवा को काफी महत्वपूर्ण माने जाने वाले मुख्यमंत्री प्रेस प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गयी है. श्री वाधवा मुख्यमंत्री प्रेस टूर और मुख्यमंत्री मीडिया टीम समन्वय प्रभाग भी देखेंगे. गुरुवार को जारी किए गए आदेश के अनुरूप श्री वाधवा को सहयोग करने के लिए प्रभारी संयुक्त संचालक घनश्याम सिरसाम, प्रभारी संयुक्त संचालक अशोक मनवानी, उप संचालक क्रांतिदीप अलूने, प्रभारी उप संचालक सुनील वर्मा, सहायक संचालक अंकुश मिश्रा और प्रभारी सहायक संचालक राजेश पांडे को पदस्थ किया गया है.

प्रभारी अपर संचालक वाधवा समाचार प्रभाग की जिम्मेदारी पूर्व की तरह देखते रहेंगे. श्री वाधवा के सहायक के रूप में प्रभारी संयुक्त संचालक लक्ष्मण सिंह, उप संचालक अलूने और प्रभारी उप संचालक वर्मा को दायित्व सौंपा गया है. डेस्क ऑफिसर की जिम्मेदारी उप संचालक अवनीश



सोमकुंवर को दी गयी है. सहायक डेस्क ऑफिसर उप संचालक बिंदु सुनील और उप संचालक बबिता मिश्रा को बनाया गया है. नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश सूचना केंद्र के समन्वयक के रूप में प्रभारी अपर संचालक संजय जैन को तैनात किया गया है. श्री जैन मध्यप्रदेश सूचना केंद्र मुंबई के समन्वयक के साथ ही अधिमान्यता, पत्रकार कल्याण, प्रेस टूर, संदर्भ और पंजीयन का दायित्व भी निभाएंगे. सहायक अधिकारी के रूप में प्रभारी उप संचालक के के जोशी और प्रभारी सहायक संचालक राजेश पांडे को पदस्थ किया गया है. प्रभारी अपर संचालक संजय जैन प्रशासन, लेखा, भंडार, वाहन, शिकायत, सीएम हेल्पलाइन प्रभागों का दायित्व भी संभालेंगे. इन प्रभागों में सहायक अधिकारी के रूप में उप संचालक अवनीश सोमकुंवर पदस्थ किए गए हैं.

प्रभारी संयुक्त संचालक अजय वर्मा को क्षेत्र प्रचार, फिल्म निर्माण और फोटो फिल्म प्रभाग सौंपे गए हैं. विज्ञापन और पत्र परिनिरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण प्रभाग प्रभारी संयुक्त संचालक पंकज मित्तल को सौंपे गए हैं. प्रिंट मीडिया संबंधी विज्ञापन सहायक जनसंपर्क अधिकारी अखिल परस्ते और इसी पद पर तैनात शिवम शुक्ला देखेंगे. इलेक्ट्रानिक मीडिया संबंधी विज्ञापन प्रभारी संयुक्त संचालक राजाराम पटेल और प्रभारी उप संचालक दुर्गेश रायकवार संभालेंगे. प्रकाशन और फीचर एजेंसी प्रभाग प्रभारी संयुक्त संचालक अशोक मनवानी और राजभवन प्रेस प्रकोष्ठ प्रभारी संयुक्त संचालक अजय वर्मा संभालेंगे. प्रभारी उप संचालक संतोष मिश्रा को संभागीय जनसंपर्क कार्यालय भोपाल में पदस्थ किया गया है. भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी दीपक सक्सेना ने लगभग तीन माह पहले जनसंपर्क आयुक्त के रूप में जिम्मेदारी संभाली है और उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली और बेहतर बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं. उन्होंने जबलपुर कलेक्टर के रूप में पदस्थापना के दौरान भी अनेक नवाचार किए और स्कूल के विद्यार्थियों को फीस माफिया से मुक्ति दिलाने के लिए साहसिक कदम उठाए, जिनकी पूरे देश में सराहना हुई.

**पश्चिम मध्य रेल**
सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई- निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/108/2025)
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएगें। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट www.ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्रमांक | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38251756 | Crib/End एंगल फॉर BOXNHL वैगन | 7245 नंबर. | 19/12/2025 |
| 2 | 20253186A | वैक्यूम सर्किट ब्रेकर ऑफ इलेक्ट्रिक लोको | 26 नंबर. | 31/12/2025 |
| 3 | 65255011 | सप्लाई इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ 15 टन कैपेसिटी EOT क्रेन | 02 नंबर. | 14/01/2026 |
| 4 | 38253386 | बोल्स्टर स्प्रिंग आउटर | 2735 नंबर. | 15/01/2026 |
| 5 | 50235072E | PIJF केबल | 89.8 किलोमीटर | 21/01/2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मो को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।
हस्ता.
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**